bharti

July 24, 2020

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1 Block G
Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai – 400051, India

**The BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400001, India

**Ref: Bharti Airtel Limited (BHARTIARTL/ 532454)**

**Sub: Publication of information regarding 25th Annual General Meeting (AGM) of the Company to be held on Tuesday, August 18, 2020 through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means**

Dear Sir/ Madam,

This is to inform you that the 25th AGM of the Company is scheduled to be held on Tuesday, August 18, 2020 at 03:30 p.m. (IST) through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means.

The Notice of the 25th AGM of the Company and Integrated Annual Report for the financial year 2019-20 will be sent to all the shareholders whose email IDs are registered with the Company/ Depositories and will also be available on the Company's website at www.airtel.com in due course.

We enclose herewith copies of newspaper advertisement published in this regard, in the newspapers viz. Mint (in English) and Hindustan (in Hindi), pursuant to General Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs.

Kindly take the same on record.

Thanking you
Sincerely Yours,

For **Bharti Airtel Limited**

Bharti Airtel Limited New Delhi

**Rohit Krishan Puri**
**Dy. Company Secretary & Compliance Officer**

**Bharti Airtel Limited**
(a Bharti Enterprise)
Regd. & Corporate Office: Bharti Crescent, 1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, Phase II, New Delhi - 110 070
T.: +91-11-4666 6100, F.: +91-11-4166 6137, Email id: compliance.officer@bharti.in, Website: www.airtel.in
**CIN: L74899DL1995PLC070609**

आज का दिन 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों की सेनाओं ने जर्मनी पर 300 विमानों से बमबारी की



मेट्रो ब्लू लाइन कॉरिडोर का विस्तार कर मोहननगर तक लाने की योजना, जीडीए ने दिया फंडिंग पैटर्न

# नोएडा से मोहननगर तक मेट्रो को रफ्तार

**मेट्रो फेज तीन**

**गाजियाबाद | कार्यालय संवाददाता**

नोएडा और वैशाली से मोहननगर तक मेट्रो फेज तीन को जल्द रफ्तार मिल सकती है। गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये हुई बैठक में जीडीए अधिकारियों ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार को फंडिंग पैटर्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रमुख सचिव ने इस फंडिंग पैटर्न में शामिल सभी विभागों की राय मांगी है। ताकि शासन से डीपीआर पर मुहर लगने के बाद आंशदान देने में कोई विवाद ना रहे। वहीं, डीएमआरसी के अधिकारियों ने दोनों रूट की डीपीआर का प्रजेंटेशन भी दिया। नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (सेक्टर-62) से साहिबाबाद और वैशाली से मेट्रो ब्लू लाइन कॉरिडोर का विस्तार कर मोहनगर तक लाने की योजना है। इन दोनों प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी है।

डीपीआर की विस्तृत जानकारी लेने के लिए गुरुवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार की अध्यक्षता में जीडीए व डीएमआरसी के अधिकारी के बीच वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक हुई। इसमें जीडीए ने प्रमुख सचिव को बताया कि दोनों प्रोजेक्ट की लागत कुल 3325.22 करोड़ रुपये है। इसके लिए प्राधिकरण ने फंडिंग पैटर्न भी प्रस्तावित किया। इसके अनुसार, राज्य सरकार से 1662.62 करोड़ रुपये अंशदान की मांग की है। केंद्र सरकार से 462.93 करोड़ और रोलिग स्टॉक के लिए डीएमआरसी से 387.71 करोड़ का अंशदान मांगा है। जीडीए ने अपना 381.63, नगर निगम का 138.03, आवास विकास परिषद का 243.60 और यूपीएसआइडीसी का 48.72 करोड़ अंशदान प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण के प्रस्तावित फंडिंग पैटर्न पर प्रमुख सचिव ने सभी विभागों से इस पर खर्च करने की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अब जीडीए की ओर से अपने साथ आवास विकास परिषद, यूपीएसआईडीसी, नगर निगम के अंशदान के बाबत फिर से विस्तृत रिपोर्ट और इन विभागों की सहमति पत्र शासन को भेजा जाएगा। फिर उसके बाद होने वाली फाइनल बैठक में फंडिंग पैटर्न को लेकर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

**यह पेच फंसेगा**



डीएमआरसी ने दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा तक मेट्रो फेज टू में रोलिंग स्टॉक दिए थे, लेकिन फेज तीन की डीपीआर में वह रोलिंग स्टॉक देने को तैयार नहीं है। ऐसे में डीएमआरसी का सहमति पत्र नहीं मिल सकेगा। वहीं, नगर निगम ने भी मेट्रो फेज टू प्रोजेक्ट का अंशदान अभी तक नहीं दिया है। साथ ही जीडीए के काफी प्रयास के बाद ही यूपीएसआईडीसी व आवास विकास परिषद से भी पुराने प्रोजेक्ट का अंशदान मिल सका है। ऐसे में इन सभी विभागों को एक मंच पर लाकर सहमति बनाना काफी मुश्किल होगा।

नोएडा व वैशाली से मोहननगर तक प्रस्तावित मेट्रो प्रोजेक्ट पर गुरुवार को प्रमुख सचिव दीपक कुमार के साथ बैठक हुई है। उन्हें जीडीए द्वारा प्रस्तावित फंडिंग पैटर्न के बारे में जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव ने फंडिंग पैटर्न पर सभी विभागों की राय मांगी है, जो जल्द भेजी जाएगी।

**–विवेकानंद सिंह,** मुख्य सचिव, जीडीए

## केस दर्ज करने में लापरवाही पर दरोगा के खिलाफ जांच





**गाजियाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या के बाद निलंबित प्रताप विहार चौकी के तत्कालीन प्रभारी राघवेंद्र तोमर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी प्रथम डॉ. राकेश मिश्रा कर रहे हैं। उन्होंने राघवेंद्र के बयान दर्ज कर लिए हैं।

विभागीय जांच के दौरान राघवेंद्र तोमर ने स्वीकार किया है कि उनके पास 17 जुलाई को विक्रम जोशी ने छेड़छाड़ की तहरीर दी थी। दरअसल इससे पहले उनके पास मुख्य आरोपी रवि ने विक्रम जोशी के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास की तहरीर दी थी। दरोगा राघवेंद्र तोमर ने अपने बयान में बताया है कि तहरीर देने के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई थी कि मुकदमा नहीं दर्ज किया जाए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी प्रथम ने विक्रम जोशी हत्याकांड के आरोपी रवि का भी बयान दर्ज किया है। हालांकि अभी विक्रम जोशी के परिजनों के बयान दर्ज करने बाकी हैं। हालांकि वह पहले ही इस संबंध में विक्रम जोशी के परिजनों से पूछताछ कर चुके हैं। क्षेत्राधिकारी प्रथम ने फिलहाल अपनी जांच पर कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया, लेकिन उन्होंने साफ किया कि मामले की जांच निष्पक्ष होगी। जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंप देंगे।

**गवाहों से पूछताछ :** पत्रकार विक्रम जोशी हत्याकांड की विवेचना विजय नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार कर रहे हैं। उन्होंने घटनाक्रम से जुड़े सभी साक्ष्य इकट्ठा कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए उन्होंने गुरुवार को कुछ गवाहों से पूछताछ की।

**आईना**

### छेड़छाड़ कर रहे 44 मनचलों को दबोचा

**नोएडा।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर गाजियाबाद में एक पत्रकार की हत्या के बाद नोएडा पुलिस ने नोएडा में एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय कर दिया है। पुलिस अभियान चला 44 मनचलों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्विटर के माध्यम से शहरवासियों से नोएडा के असुरक्षित क्षेत्रों के बारे में जानकारी मांगी।

### सैन्यकर्मी से पचास हजार रुपये की ठगी

**नोएडा।** नोएडा की एक कंपनी ने आगरा के सैन्य कर्मी को आईफोन और घड़ी बेचने के नाम पर 50 हजार रुपये ठग लिये। पीड़ित ने कंपनी से ऑनलाइन सामान का ऑर्डर कर भुगतान किया था। एक माह बाद भी सामान नहीं मिला। विज्ञापन में कंपनी का पता सेक्टर-62 खोड़ा कॉलोनी लिखा था।

### बिजली चोरी में 36 लाख रुपये का जुर्माना ठोका

**गाजियाबाद।** मेरठ की विजिलेंस टीम ने नगर में बड़ी बिजली चोरी पकड़ी है। एक इंडस्ट्री के बिजली कनेक्शन से दूसरे को भी चलाया जा रहा था। इंडस्ट्री संचालक पर 36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जमा नहीं करने पर एफआईआर होगी। नगर के असालत नगर में एक इंडस्ट्री संचालित की जा रही है।

### लूट कर भाग रहे बदमाश मुठभेड़ के दौरान पकड़े

**नोएडा।** फेज तीन थाना पुलिस ने बुधवार रात को एक युवक से मोबाइल, पर्स छीन भाग रहे बाइक सवार दो बदमाशों को एक घंटे बाद मुठभेड़ के दौरान पुस्ता रोड से गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## गाजियाबाद में रिकॉर्ड 399 मरीज स्वस्थ हुए





**गाजियाबाद | संवाददाता**

गाजियाबाद में गुरुवार को एक दिन में कोरोना को मात देने का रिकॉर्ड बना। जिले में गुरुवार को पिछले 24 घंटे के दौरान 399 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे। इससे पहले एक दिन में सबसे ज्यादा मरीज स्वस्थ होने का रिकार्ड 288 लोगों का था।

अभी तक कुल 3,242 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। वहीं गुरुवार को 115 लोगों में कोरोना की पुष्टि भी हुई। फिलहाल जिले में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1015 है। जिले में कोरोना का स्तर बढ़ता दिख रहा है, लेकिन कोरोना को मात देने वाले मरीजों की संख्या में भी काफी इजाफा हो रहा है। मरीजों के स्वास्थ होने की दर प्रतिदिन बढ़ रही है। शासन की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को जिले में एक दिन में सर्वाधिक लोगों को डिस्चार्ज किया गया है।

इसके अलावा 19 जुलाई को 278 लोगों को डिस्चार्ज किया गया था। वहीं 11 जुलाई को एक दिन में 288 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए थे।

### नोएडा : 120 मरीज ठीक होकर घर लौटे

**नोएडा।** कोरोना संक्रमण का इलाज करा रहे 120 मरीजों को अस्पताल से गुरुवार को छुट्टी दे दी गई। 66 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि प्रदेश स्वास्थ्य विभाग ने की। जिले में मरीजों की कुल संख्या 4466 हो गई है। पिछले तीन दिनों से कोरोना संक्रमण से एक भी मौत जिले में नहीं हुई है। स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या 3516 हो गई है। अब भी अलग-अलग अस्पतालों 910 मरीजों का इलाज चल रहा है।

### गुरुग्राम : एक की मौत 139 संक्रमित मिले

**गुरुग्राम।** बीते 24 घंटे में गुरुवार को एक और कोरोना संक्रमित मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा अब 119 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच के बाद कोरोना से संक्रमित 139 नए मरीजों की भी पहचान की गई। जिले में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर अब 8266 हो गई है। वहीं गुरुवार को 85 मरीज ठीक भी हुए। अब तक कुल 6995 मरीज कोरोना को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं।

### फरीदाबाद: तीन की मौत, 218 नए मरीज मिले

**फरीदाबाद।** जिले में कोविड-19 से संक्रमित मरीजों में लगातार वृद्धि हो रही है। गुरुवार को भी 218 नए मरीजों की पहचान की गई है। इसके साथ ही जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 7177 हो गई। वहीं, 142 लोगों ने कोरोना वायरस के संक्रमण को मात दी है। दो पुरुष और एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मीडिया बुलेटिन में इसकी पुष्टि की गई। अधिकतर संक्रमित बगैर लक्षण वाले हैं जिन्हें घर पर ही आइसोलेशन किया गया। कुछ संक्रमित मरीज अस्पताल और अलफ्ला मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे।

### अरावली में 300 झुग्गियां हटाईं

**गुरुग्राम।** नगर निगम की टीम ने शहर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया। टीम ने अरावली क्षेत्र में 300 झुग्गियों को हटाकर जमीन खाली कराई।

गुरुवार को संयुक्त आयुक्त-3 हरीओम अत्री के नेतृत्व में क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम ने सिकंदरपुर स्थित अरावली क्षेत्र में बनी हुई 300 से अधिक झुग्गियों को हटाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया। टीम ने ब्रिस्टल चौक तथा आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण को भी हटाया गया। सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आधार पर सहायक अभियंता विक्की कुमार की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की।

## जेल उपाधीक्षक ड्रग्स के साथ घर से गिरफ्तार

**शिकंजा**

**सोहना/गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता**

भोंडसी जेल में अपराधियों को मोबाइल सिम कार्ड और ड्रग्स सप्लाई करने वाले डिप्टी सुपरिंटेंडेंट धर्मवीर चौटाला को घर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त सोहना व अपराध शाखा सेक्टर-39 की टीम की कार्रवाई में ड्रग्स पहुंचाने आया रवि उर्फ गोल्डी भी मौके पर पकड़ा गया।

**मोटी रकम वसूलता था:** पुलिस ने दोनों से 11 सिम कार्ड और 230 ग्राम चरस बरामद की है। डिप्टी सुपरिंटेंडेंट जेल ने पूछताछ में माना कि वह एक सिम कार्ड के एवज में 20 हजार रुपये वसूलता था जबकि 230 ग्राम चरस 10 लाख रुपये में कैदियों को बेचता था। गुरुग्राम पुलिस आयुक्त केके राव ने बताया कि जेल में पिछले काफी समय से फोन और मादक पदार्थ मिल रहे थे। जांच में चला कि इस मामले में जेल अधिकारी शामिल है। इसके बाद अपराध शाखा की टीम ने निगरानी शुरू की। गुरुवार को पुलिस टीम ने चौटाला को धर दबोचा। आयुक्त ने बताया कि पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

**पंचकूला में स्थायी नियुक्ति:** पुलिस आयुक्त ने बताया कि चौटाला की स्थायी नियुक्ति पंचकूला में है, लेकिन वह एक साल से भोंडसी जेल में तैनात था।



भोंडसी जेल के उपाधीक्षक धर्मबीर चौटाला को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

**वीआईपी ट्रीटमेंट पर खर्चा**

गुरुग्राम पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जेल में कैदियों को लाखों रुपये खर्च कर वीआईपी ट्रीटमेंट मिलता है। कैदियों को अच्छा खाना, नशे के लिए सामान, फोन, बिस्तर सहित अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। इसके अलावा जब मन करें तो वह बैरक से बाहर भी आ सकते हैं। यह सब उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से होता है। भोंडसी जेल में कई गैंगस्टरों दवारा जेल में रहते हुए अपने दुश्मनों को धमकी देने से लेकर हत्या तक करवाई गई।

**4जी के नेटवर्क में 3जी का जैमर**

भोंडसी जेल में 2200 से ज्यादा कैदी बंद है। यहां पर बंद कैदियों को फोन की सुविधा 20 हजार से लेकर 50 हजार में मिलती है। कैदी 4जी नेटवर्क का प्रयोग कर व्हाट्सएप कॉल और वीडियो कॉल का लुत्फ उठाते हैं। व्हाट्सअप कॉल से धमकी देने से लेकर रुपयों की वूसली तक करते हैं। वह वीडियो कॉल से अपने रिश्तेदारों के संपर्क में रहते हैं। इंटरनेट का प्रयोग कर बदमाश सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहते हैं। यह सब जेल अधिकारियों की मिलीभगत से होता है।

## प्रेमिका की हत्या करने का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता**

मेरठ में फेसबुक पर दोस्ती के बाद प्रेमिका प्रिया और उसकी मासूम बेटी कशिश की हत्या के मुख्य आरोपी शमशाद से गुरुवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस फायरिंग में उसके दोनों पैरों में चार गोलियां लगीं। कस्टडी से फरार शमशाद पर 25 हजार का इनाम था। उधर, हत्यारोपी की पत्नी और साले की तलाश जारी है।

एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि बुधवार तड़के परतापुर थाना क्षेत्र के भूड़ बराल में बुक वाइंडिंग ठेकेदार शमशाद के घर से प्रिया और कशिश की लाश बरामद हुई। शमशाद ने दोनों की 28 मार्च की रात को ही हत्या करके लाश जमीन में दबा दी थी।

**बाथरूम के लिए रुकवाई गाड़ी फिर हुआ फरार :** बुधवार तड़के पुलिस शमशाद को लेकर लाश बरामद करने जा रही थी। भूड़ बराल गांव में तालाब के समीप उसने बाथरूम करने के लिए गाड़ी रुकवाई।

शमशाद बेहद शातिर है। वह हत्या का कोई भी सबूत छोड़ना नहीं चाहता था। पुलिस ने पूरे सर्च अभियान की वीडियो बनाई है जो अदालत में पेश की जाएगी, ताकि आरोपी को कठोर सजा मिल सके।

**–अजय साहनी,** एसएसपी मेरठ

## शाहबेरी में इमारत के फ्लैट की दीवार गिरी

**ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता**

**हादसा**

- बारिश के चलते हादसा होने की आशंका जताई गई
- फ्लैट में रह रहे 20 लोग सुरक्षित, पोल भी गिरा

बारिश के बाद शाहबेरी की पांच मंजिला इमारत में एक फ्लैट की दीवार गिर गई। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसके साथ ही एक बिजली का पोल भी बारिश में गिर गया। इस बिल्डिंग में चार परिवार रह रहे हैं।

शाहबेरी में जुलाई 2018 में बारिश के बाद दो इमारतें गिर गई थी। इस हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। हर साल जब बारिश का मौसम आता है तब शाहबेरी में हादसे की आशंका बढ़ जाती है। बुधवार को इलाके में बारिश हुई। बारिश से शाहबेरी की पांच मंजिला एक इमारत में एक फ्लैट की दीवार गिर गई। इस इमारत में 4 परिवार रहते हैं। करीब 20 लोग यहां निवास करते हैं। इसके साथ ही एक बिजली का पोल भी बारिश में गिर गया।

जिस बिल्डिंग की दीवार गिरी है वह हादसे वाली जगह से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। लेकिन फ्लैट की दीवार गिरना बड़े हादसे की ओर आगाह कर रहा है। खरीदारों ने इस मामले की सूचना प्रशासन को दे दी है।

### अस्पतालों में सर्जरी ओपीडी आज से

**गुरुग्राम।** जिले के सरकारी सहित निजी अस्पतालों में भी मरीजों को शुक्रवार से सभी चिकित्सीय सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा बीते तीन महीने से रुकी पड़ी सर्जरी भी अस्पतालों में शुक्रवार से शुरू कर दी जाएंगी।

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव की ओर से गुरुवार को सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी समेत उप-मंडल अस्पतालों के एसएमओ को पत्र जारी किया।


विज्ञापन संख्या 65/2020

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में

**निदेशक (वित्त)**

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **27 अगस्त 2020 (15:00 बजे तक)** है। जानकारी के लिए वेबसाइट http://www.pesb.gov.in में लॉगइन करे।


### वेतन न मिलने पर आत्मदाह का प्रयास

**दादरी।** एनटीपीसी प्लांट के गेट पर 6 माह से वेतन न मिलने पर गुरुवार को श्रमिक ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने के लिए आग लगा ली। आग लगने से श्रमिक की बाजू झुलस गयी। श्रमिक एनटीपीसी की निजी कंपनी में ठेकेदारी के अंडर नौकरी करता है।

आरोप है कि वेतन बार बार मांगने के बाद नहीं दिया जा रहा है। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच में जुट गयी है। पुलिस के मुताबिक, हापुड के सौलना गांव निवासी राजेश कुमार एनटीपीसी की निजी कंपनी में करीब 8 साल से नौकरी कर रहा है। आरोप है कि लॉकडाउन से पहले से ठेकेदार ने वेतन नहीं दिया है। श्रमिक के मांगने पर आज-कल करते रहा है। वेतन की मांग को लेकर ठेकेदार के विरोध में कंपनी के अधिकारियों से शिकायत की थी।

## एक घंटे में 11 दुकानों के ताले तोड़ लाखों चुराए

**गाजियाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

**दुस्साहस**

- शास्त्री नगर में पुलिस चौकी से 20 मीटर की दूरी पर वारदात
- वारदात के एक घंटे में न पुलिस नजर आई और न सायरन बजा

शास्त्री नगर में पुलिस चौकी से महज 20 मीटर दूर 11 दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने बुधवार की रात लाखों की नगदी और सामान चोरी कर लिया। यह वारदात रात 1 .10 बजे से 2.06 बजे के बीच हुई। चोर दिल्ली नंबर की एक कार से आए थे। यह पूरी वारदात विभिन्न दुकानों के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

दुकानदारों ने बताया कि उन्हें वारदात की जानकारी गुरुवार सुबह मिली। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि उनकी दुकानों के शटर खुले हुए हैं। इसके बाद वे दुकान पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना देने के बाद भी पुलिस की टीम करीब घंटे भर बाद मौके पर पहुंची। वीरपाल किराना स्टोर के मालिक विनोद ने बताया कि दुकान में घुसने के बाद चोर इस प्रकार वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। जैसे कि उन्हें पहले से पता है कि दुकान में कहां नगदी रखी है और कहां कीमती सामान है।

## अरावली ,ग्रेफ में महंगी होगी जमीन

**तैयारी**

**फरीदाबाद | मुख्य संवाददाता**

जिले में जमीन के नए सर्किल रेट तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपायुक्त यशपाल यादव ने लोगों के सुझाव मांगने के लिए पहले चरण के प्रस्तावित रेटों की सूची गुरुवार को वेबसाइट पर अपलोड कर दी।

अगर इस प्रस्तावित सूची में बदलाव नहीं हुआ तो जिले में अधिकतम 50 फीसदी तक जमीन महंगी हो जाएगी। अरावली से लगते इलाके, ग्रेटर फरीदाबाद, नेशनल हाईवे, दिल्ली सीमा से सटे इलाकों रिहायशी जमीन हॉटस्पाट होगी। ग्रेटर फरीदाबाद में वैसे तो काफी जगह सर्किल रेट बढ़ने की सिफारिश की गई है, लेकिन वजीपुर पहली पसंद बना है। रेट बढ़ाने का प्रस्ताव फरीदाबाद तहसीलदार ने किया है।

**कोरोना काल में कम नहीं हुए रेट**

कोरोना काल में जब कमोबेश सभी कारोबार प्रभावित हुए हैं और काफी लोगों की नौकरी चली जाने की खबरे हैं, तो ऐसे समय में प्रशासन जिला फरीदाबाद में जमीन महंगी करने की तैयारी कर रहा है। उपायुक्त की तरफ से वेबसाइट पर अपलोड किए गए सर्किल रेट में किसी जगह जमीन के रेट कम नहीं किए गए हैं। कई उप तहसील हैं, जहां सर्किल रेट पिछले वर्ष के ही रखे गए हैं, वहां के नायाब तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि रियल एस्टेट के कारोबार में किसी प्रकार का बदलाव नहीं है।

**अरावली में गांव कोट बना हॉटस्पाट**

कोरोना काल में जमीन के बढ़ते रेट के लिहाज से अरावली से सटा कोट गांव हॉटस्पाट बनकर सामने आया है। यहां धौज उप तहसील के नायब तहसीलदार ने जमीन के 33 .3 फीसदी रेट ज्यादा करने के लिए रिपोर्ट प्रस्तावित की है। यह रेट गैर मुमकिन पहाड़ के तय किए गए हैं। गौरतलब है कि जिला फरीदाबाद में कोट अकेला ऐसा गांव है, जहां अभी चकबंदी नहीं हुई है। यहां जमीन की खरीद फरोख्त काफी हो रही है।

**खास बातें**

- सर्किल रेट पचास फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव
- प्रशासन ने प्रस्तावित रेट की सूची वेबसाइट पर डाली
- दिल्ली सीमा, अरावली, ग्रेटर फरीदाबाद में जमीन महंगी
- कॉमर्शियल के मुकाबले रिहायशी इलाकों की जमीन महंगी
- दस दिन में देने होंगे सुझाव


बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**विश्वास के बंधन को मजबूत करते हुए**

**महासुपर आवास ऋण**
- ब्याज दर - 7.05% से आगे
- 2 ईएमआई नि:शुल्क
- ईएमआई रु.669/- प्रति लाख

*नियम व शर्तें लागू

स्वर्ण... कठिन समय में सच्चा दोस्त !
**महा स्वर्ण ऋण**
- ब्याज दर – 8%
- कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं

*नियम व शर्तें लागू

सुविधानुसार घर से मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से अपनी जमाराशियों पर नकदी ऋण/ओवरड्राफ्ट का लाभ उठाएं।

कासा 50% | जमाराशियां 10.11% | निवल लाभ 24.72% | सीआरएआर 13.21% | पीसीआर 85.62%

एमएसएमई 35.92% | रिटेल 31.36% | निवल एनपीए 4.10%

**30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित (पुनरीक्षित) वित्तीय परिणाम**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | समाप्त तिमाही 30/06/2020 (पुनरीक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2020 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 30/06/2019 (पुनरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (निवल) | | 3264.81 | 13144.67 | 3191.88 |
| सामान्य गतिविधियों से कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) | | 101.02 | 388.58 | 81.09 |
| अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के पश्चात) | | 101.02 | 388.58 | 81.09 |
| ईक्विटी शेयर पूंजी | | 5824.11 | 5824.11 | 5824.11 |
| आरक्षित निधियां (पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति को छोड़कर) | | 3666.65 | 3666.65 | 1613.17 |
| प्रति शेयर आय (वार्षिक नहीं)(असाधारण मदों से पूर्व) (₹ 10/- प्रत्येक के) | मूल (₹ में) : | 0.17 | 0.67 | 0.14 |
| | डायल्यूटेड (₹ में) : | 0.17 | 0.67 | 0.14 |
| प्रति शेयर आय (वार्षिक नहीं)(असाधारण मदों के पश्चात) (₹ 10/- प्रत्येक के) | मूल (₹ में) : | 0.17 | 0.67 | 0.14 |
| | डायल्यूटेड (₹ में) : | 0.17 | 0.67 | 0.14 |

नोट : उक्त, सेबी (लिस्टिंग व अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंज को प्रस्तुत तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्स्चेंज की वेबसाइट (BSE: www.bseindia.com और NSE: www.nseindia.com) तथा बैंक की वेबसाइट (www.bankofmaharashtra.in) पर उपलब्ध है।

स्थान : पुणे
दिनांक : 23/07/2020

संजय रुद्र, महाप्रबंधक | नागेश्वर राव वाई., कार्यपालक निदेशक | हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक | ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

फॉलो करें @ mahabank:



bharti airtel

**भारती एयरटेल लिमिटेड**

CIN: L74899DL1995PLC070609
पंजी. कार्यालय: भारती क्रिसेन्ट, 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेस-II, नई दिल्ली-110 070
दूरभाष: 91-11-4666 6100; फैक्स: 91-11-4166 6137
ईमेल: compliance.officer@bharti.in वेबसाइट: www.airtel.com

**भारती एयरटेल लिमिटेड की 25वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बने नियमों और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र') द्वारा जारी साधारण परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, साधारण परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और साधारण परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/ HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के अनुपालन में, भारती एयरटेल लिमिटेड ('कपनी') की 25वीं वार्षिक साधारण बैठक ('एजीएम') की सूचना में निर्धारित कारोबार को सम्पादित करने के लिए ('सूचना') मंगलवार, 18 अगस्त, 2020 को दोपहर 3.30 बजे (भा.मा.स.) पर वीडियो कान्फ्रेंसिग ('वीसी')/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम') से आयोजित की जाएगी।

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुपालन में, सूचना और एकीकृत रिपोर्ट व वार्षिक खाते 2019-2020 ("वार्षिक रिपोर्ट") उन सभी सदस्यों को केवल ई-मेल के द्वारा भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपोजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। सूचना व वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.airtel.com, केफिन टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के आरटीए की वेबसाइट https://evoting.karvy.com और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com व www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

इसके अतिरिक्त, सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही एजीएम में भाग ले सकते हैं। एजीएम से जुड़ने के लिए निर्देश व भाग लेने का तरीका सूचना में दिया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम की गणना के निर्धारण के उद्देश्य से की जाएगी।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, वे सूचना में वर्णित प्रक्रिया को अपनाकर अपने ई-मेल पते पंजीकृत करा सकते हैं या निम्नलिखित दस्तावेजों के सहित https://ris.kfintech.com/email_registratiom/ पर केफिन टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के आरटीए की वेबसाइट einward.ris@kfintech.com पर भेजकर पंजीकृत करने का अनुरोध कर सकते हैं :

ए) अपने नाम व पता का उल्लेख करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैनड प्रति
बी) शेयर प्रमाणपत्र (आगे व पीछे) की स्कैनड प्रति
सी) पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैनड प्रति, और
डी) अपने पते के समर्थन में कोई दस्तावेज (अर्थात् आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित स्कैनड प्रति।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि 18 मई, 2020 को आयोजित उनकी बैठक में कंपनी के निदेश मंडल ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रत्येक रू. 5/- के मूल्य वाले रू. 2-/ प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। एजीएम में सदस्यों द्वारा एक बार अनुमोदन के बाद, अंतिम लाभांश अपना बैंक खाता विवरण अपडेट कराने वाले शेयरधारकों के खातों में विभिन्न ऑनलाइन ट्रांसफर मोड द्वारा 30 दिनों के भीतर इलैक्ट्रानिक रूप से चुकता किए जाएंगे। जिन शेयरधारकों ने अपना बैंक खाता विवरण अपडेट नहीं किया है, लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट/चैक स्थिति सामान्य होने पर उनके पंजीकृत पतों पर भेज दिए जाएंगे। लाभांश प्राप्त होने में देरी से बचने के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि सीधे अपने बैंक खाते में लाभांश प्राप्त करने के लिए अपने डिपोजिटरीज (जहां शेयर डिमेट रूप में हैं) और कंपनी के आरटीए (जहां शेयर भौतिक रूप में हैं) के साथ केवाईसी अपडेट करा लें।

अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अपने संबंधित डीपी के साथ अपने ई-मेल पतों को रजिस्टर करने का अनुरोध है। वित्तीय वर्श 2019-2020 के लिए सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के सीमित उद्देश्य के लिए, वे सूचना में वर्णित प्रक्रिया को अपनाकर अपने ई-पते लिंक https://ris.kfintech.com/email_registration/ के माध्यम से अस्थायी रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

कंपनी सूचना में वर्णित प्रस्तावों पर अपने वोट डालने के लिए अपने सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग /ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया सूचना में दी गई है।

यह विज्ञापन एमसीए परिपत्रों व सेबी परिपत्रों के अनुपालन में कंपनी के सभी सदस्यों को सूचना व लाभ के लिए जारी किया जा रहा है।

कृते **भारती एयरटेल लिमिटेड**
हस्ता /-
पंकज तिवारी
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23 जुलाई, 2020

# Unilever to keep its India tea unit

## India, Indonesia biz not to be part of planned spinoff

Suneera Tandon
suneera.t@livemint.com
NEW DELHI

Packaged consumer goods company Unilever on Thursday said it intends to retain its tea businesses in India and Indonesia, months after it announced a global strategic review of the tea business. The rest of the tea brands and estates in other regions will be carved into a separate entity.

"In January, Unilever announced a strategic review of its global tea business, which includes leading brands such as Lipton, Brooke Bond and PGTips. This review has assessed a full range of options. We will retain the tea businesses in India and Indonesia and the partnership interests in the ready-to-drink tea joint ventures," the Anglo-Dutch company said on Thursday when it also announced the first-half earnings for 2020.



Hindustan Unilever sells the Brooke Bond and Lipton brands in India, which has a large tea-drinking population. MINT

In India, Hindustan Unilever Ltd (HUL) sells the Brooke Bond and Lipton tea brands.

"The balance of Unilever's tea brands and geographies and all tea estates have an exciting future, and this potential can best be achieved as a separate entity. A process will now begin to implement the separation, which is expected to conclude by the end of 2021," Unilever said.

The tea business that will be separated generated revenues of €2 billion in 2019.

Analysts tracking the company said HUL's strong position in tea, where it competes with Tata Consumer Products (Tetley and Tata Tea), makes it a key player in the packaged tea market in India.

This is important in a country with a large tea-drinking population and the second-largest tea grower globally.

"Although we expected this, it does remove any doubts and overhang. We expected HUL to retain its tea business in India given it has been aggressive on inorganic growth with the huge acquisition of GSK recently. Moreover, the tea business in India is a big growth opportunity given just two large players, huge unorganized market and massive premiumization opportunity," said Abneesh Roy, executive vice-president, research at Edelweiss Securities.

**The rest of Unilever's tea brands and estates in other regions will be carved into a separate entity**

He said HUL has gained in both volume and value market share in tea in the past few years.

Unilever's announcement comes just days after HUL posted a 51.7% year-on-year (y-o-y) jump in its food and refreshment business in the June quarter as the nationwide lockdown prompted more households to buy its packaged coffee, tea and jams.

Food and refreshments contributed 19% to segment revenue for the company in the year ended 31 March.

For the same year, consolidated segment revenues of the food and refreshment business stood at ₹7,450 crore, according to the company's annual report for the year.

